☎ : (0551) 2257138
2257570

गुरू श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक एवं कॉम्पोनेन्ट सेन्टर

गोरखनाथ मंदिर परिसर, गोरखनाथ, गोरखपुर-273015

पत्रांक........................ दिनांक........................

आज दिनांक 02/06/2019 को गुरु द्वारा समिति गोरखपुर द्वारा गुरु श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुछ प्रमुख रक्तदाताओं सहित 40 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। जिसमें निम्न व्यक्तियों ने रक्तदान किया– जैसे **श्री यशपाल सिहं जी**, श्री जगनयन सिहं (निटु), श्री दलजीत सिहं इत्यादि । ब्लड बैंक इन स्वरक्तदाओं के प्रति उपकृत है तथा उनके दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य हेतु ईश्वर से प्रार्थना करता है।

इसी क्रम में गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय को भारत सरकार के उपक्रम पॉवर ग्रिड कारपोरेशन द्वारा कंपनी सामाजिक उत्तरदाईत्व योजना (CSR) के अंतर्गत प्रदान किये गए रक्तदान वाहन का लोकार्पण गोरखनाथ ब्लड बैंक के **प्रभारी डा0 अवधेश अग्रवाल ने फिता काटकर गुरु द्वारा समिति गोरखपुर के रक्तदान शिविर में किया।** श्री गुरुद्वारा समिति जटाशंकर चौक, गोरखपुर के तत्वाधान में चलाये जा रहे एक **महत्वपूर्ण एवं प्रशंसनिय सेवा जो गुरु नानक साहब रक्तदान सेवा सोसायटी** के नाम से कार्यरत है उसमें आवश्यकमंद एवं असहाय तथा गरीब रोगियों की सेवा में अपनी **महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन गुरु श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक कर रहा है।** इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे स्वरक्तदाताओं में सर्वप्रथम **श्री यशपाल सिहं जिन्होने लगभग 51 बार से भी ज्यादा रक्तदान करके एक किर्तिमान स्थापित किया है,** ब्लड बैंक ने कई ऐसे रक्तदाताओं की पहचान की जिन्होने बारम्बार रक्तदान करके एक किर्तीमान भी बनाया है, तथा मानव जीवन के मुल्यों को पहचान कर प्राणदान जैसा पुनित कार्य भी किया है, ऐसे महान रक्तदाताओं को ब्लड बैंक सम्मानित करके गौरव की अनुभूति करता है। डा0 अवधेश अग्रवाल ने अपनी तरफ से तथा गुरु श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक की तरफ से ईश्वर से कामना की कि जिन रक्तदाताओं ने रक्तदान किया उनका जीवन सुदीर्घ यश एवं किर्ती का अमर कलश हो, उनका जीवन सत्यम, शिवम, सुन्दरम की अमूल्य यश की धरोहर की तरह मानव मात्र के कल्यांण के लिये समर्पित हो, ये शुभकामनाऐं दीं।